प्री.बोर्ड परीक्षा 2023–24 R/15/120

विषय – गृह विज्ञान

समय : 3.00 घंटे

नोट :– सभी प्रश्न अनिवार्य है। कक्षा– 10 पूर्णांक : 70

बहुविकल्पीय प्रश्न :– 20×1=20 अंक

1. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 1 जून (ब) 5 जून (स) 12 जून (द) 18 जून

2. डेंगू रोग फैलता है–
(अ) दूषित जल से (ब) दूषित वायु द्वारा (स) मच्छर के काटने से (द) कोई नहीं

3. जल का रासायनिक सूत्र है–
(अ) HO (ब) HO_2 (स) H_2O (द) H_2O_2

4. कपड़ा काटने का उचित स्थान है।
(अ) हाथ में लेकर (ब) गोद में रखकर (स) मेज पर रखकर (द) कहीं भी

5. वैक्यूम क्लीनर का प्रयोग किया जाता है–
(अ) फर्नीचर में पॉलिश के लिए (ब) घर की सफाई के लिए
(स) बर्तनों की सफाई के लिए (द) धातुओं की सफाई के लिए

6. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 5 जनवरी (ब) 5 मार्च (स) 5 जून (द) 5 जुलाई

7. कौन–सा अंग श्वसन तन्त्र का भाग नहीं है।
(अ) नाक (ब) यकृत (स) फेफड़े (द) श्वासनली

8. विटामिन सी का अच्छा स्त्रोत है।
(अ) हरी सब्जियाँ (ब) दाल (स) खट्टेफल (द) दूध

9. आधुनिक प्रकार का ईधन है?
(अ) लकड़ी (ब) कोयला (स) मिट्टी का तेल (द) गैस

10. रक्त शुद्धिकरण होता है–
(अ) आमाशय में (ब) फेफड़ों में (स) हृदय में (द) त्वचा में

11. आदर्श बजट माना जाता है–
(अ) घाटे का बजट (ब) सन्तुलित बजट (स) बचत का बजट (द) इनमें से कोई नहीं

12. राष्ट्रीय बजट पत्र किसकी योजना है?
(ब) बैंक की (ब) जीवन बीमा निगम की (स) डाकखाने की (द) इनमें से कोई नहीं

13. अस्थियों की टूट को क्या कहते है?
(अ) मोच (ब) अस्थि (स) अस्थि भंग (द) अस्थि विस्थापन

14. जल क्या है?
(अ) मिश्रण (ब) यौगिक (स) तत्व (द) ये सभी

15. बी.सी.जी. का टीका किस रोग की रोकथाम के लिए लगाया जाता है?
(अ) कर्णफेर (ब) तपेदिक (स) मलेरिया (द) पोलियों

16. स्नान न करा सकने की दशा में शारीरिक सफाई का उपाय है?
(अ) माप देना (ब) स्पंज देना (स) टैल्कम पाउडर छिड़कना (द) इनमें से कोई नहीं

17. बर्फ की टोपी का प्रयोग कब किया जाता है?
(अ) तीव्र वेदन में (ब) सिर दर्द में (स) तेज स्वर में (द) मोच आने पर

PDF Hindustanknowledge.com

18. हैजा किस जीवाणु द्वारा फैलता है?
(अ) विब्रियों कॉलेरी (ब) टाइफी (स) मच्छर (द) पिस्सू

19. प्रेशर कुकर में खाना पकाया जाता है?
(अ) भूनकर (ब) भाप द्वारा (स) उबालकर (द) तलकर

20. 5 किग्रा. में कितने ग्राम होते है?
(अ) 500 ग्राम (ब) 5000 ग्राम (स) 2000 ग्राम (द) 7000 ग्राम

अति लघु उत्तरीय प्रश्न :– 12

21. सिलाई किट क्या है?
22. वायु द्वारा कौन–कौन से रोग फैलाते है?
23. जौ का पानी किस रोगी को दिया जाता है?
24. रोग प्रतिरक्षा से आप क्या समझती है?
25. पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड किस समय छोड़ते है?
26. शरीर में कितनी अस्थियाँ होती है? अस्थियों की उपयोगिता लिखिए।

लघु उत्तरीय प्रश्न :– 20

27. अस्थि तंत्र के कार्य लिखिए।
28. प्रेशर कुकर की उपयोगिता स्पष्ट कीजिए।
29. वस्त्रों पर इस्तरी करना क्यों आवश्यक है? इस्तरी करते समय क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए।
30. निः संक्रामक पदार्थो की व्याख्या कीजिए।
31. वृक्षारोपण की आवश्यकता (लाभों) पर प्रकाश डालिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :– 18

32. जल प्राप्ति के स्त्रोत कौन–कौन से है? जल प्रदूषण के कारण बताइए।

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण का क्या तात्पर्य है? प्रदूषण के कारण तथा जन–जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए।

33. रोग–प्रतिरक्षा से आप क्या समझते है? रोग प्रतिरक्षा के प्रकार व प्राप्ति के स्त्रोत का विवरण कीजिए।

अथवा

मोच व हड्डी की टूट में क्या अन्तर है? मोच के लक्षण एवं उपचार क्या है?

34 किसी रोगी की स्पंज द्वारा सफाई करने की विधियों का वर्णन करें। स्पंज करते समय रखी जाने वाली सावधानियों का वर्णन कीजिए।

PDF Hindustanknowledge.com